# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 09.09.2026**

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए महिला से दुष्कर्म की घटना कारित करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 28.08.2026 को थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पर वादिनी द्वारा तहरीर गांव के विष्णु प्रताप उर्फ छोटे पुत्र स्व0 घनश्याम सिंह द्वारा वादिनी की चारपाई पर आकर वादिनी का गला पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बंध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0स0 264/26 धारा 64(1)/351(3) बीएनएस बनाम विष्णु प्रताप उर्फ छोटे पुत्र स्व0 घनश्याम सिंह निवासी पल्हनापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त विष्णु प्रताप उर्फ छोटे उपरोक्त को दिनांक 09.09.2026 को हवासपुर चौराहा थाना क्षेत्र मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-**

1. विष्णु प्रताप उर्फ छोटे पुत्र स्व0 घनश्याम सिंह उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम पल्हनापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 264/2026 धारा 64(1)/351(3) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 264/2013 धारा 302/404 भादवि0 थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 42/2012 धारा 460 भादवि0 थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 श्री प्रवीन कुमार यादव
2. उ0नि0 श्री राजेन्द्र सिंह
3. का0 294 राजदीप सिंह
4. रि0कां0 325 कृष्ण अवतार